**विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में हमारा योगदान: भारत में एआई के क्षेत्र में हमारे नए निवेश की घोषणा**
सौरभ तिवारी, वाइस-प्रेसिडेंट और जनरल मैनेजर, Cloud AI

भारत के डेवलपर, यहां का जोश से भरा स्टार्टअप इकोसिस्टम, और बड़ी कंपनियां जिस तेज़ी से एआई को अपना रही हैं, वह तारीफ़ के काबिल है. भारत के इस अहम दौर में, हम यहां ऐसे दमदार और भारत में बने डिजिटल टूल (जैसे कि प्लैटफ़ॉर्म, सेवाएं) में निवेश कर रहे हैं जो विविधता से भरे इस इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे. साथ ही, यह पक्का करेंगे कि हमारे प्लैटफ़ॉर्म पर आपको वे सभी कंट्रोल मिलें जो स्थानीय नियमों और कानूनों के अनुपालन और एआई संप्रभुता के लिए ज़रूरी हैं.

आज हम घोषणा कर रहे हैं कि हम भारत में अपने ग्राहकों के लिए लोकल एआई हार्डवेयर क्षमता को बड़े पैमाने पर बढ़ाने जा रहे हैं. स्थानीय तौर पर कंप्यूटिंग क्षमता में यह बढ़ोतरी, Google के एआई हाइपरकंप्यूटर आर्किटेक्चर और Trillium TPUs के सबसे नए वर्शन की मदद से की गई है. इससे भारत में ज़्यादा से ज़्यादा कारोबारों और सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं को अपने सबसे ऐडवांस Gemini मॉडलों को ट्रेन करने और उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी.
इस तरह, शानदार परफ़ॉर्मेंस और लो-लेटेंसी (कमांड और उस पर सिस्टम की प्रतिक्रिया के बीच का समय अंतराल बहुत कम होना) वाले तमाम एआई ऐप्लिकेशन के लिए नए रास्ते खुलेंगे. इससे हम भारत की डेटा रेसीडेंसी (स्थानीय तौर पर डेटा स्टोर करना) और डेटा संप्रभुता की ज़रूरतों को पूरा करने में अपने ग्राहकों की मदद कर सकेंगे.

## बेहतरीन मॉडल और कंट्रोल की सुविधा: भारत के हिसाब से बनाए गए एआई टूल

डिजिटल संप्रभुता के लिए सिर्फ़ इंफ़्रास्ट्रक्चर ही ज़रूरी नहीं है, बल्कि डेटा और उस पर बने मॉडलों पर कंट्रोल की भी ज़रूरत होती है. इसके लिए, हम अपने सबसे नए एआई इनोवेशन तेज़ी से भारत ला रहे हैं. आपको जिन कंट्रोल की ज़रूरत है वे सभी कंट्रोल आपको मिलेंगे.

हमारी नई सेवाओं की मदद से, भारत में सांस्कृतिक विविधता और कारोबार के लिए बने नियमों, कानूनों, तरीकों वगैरह के हिसाब से एआई मॉडल बनाए, सुधारे, और इस्तेमाल किए जा सकते हैं.

- **भारत में, अगली पीढ़ी के मॉडल**: इस साल की शुरुआत में, Google Cloud ने भारत में ऐसे ग्राहकों के लिए Gemini उपलब्ध कराया था जो किसी नियामक संस्था के दायरे में आते हैं. इसके लिए, Gemini 2.5 Flash का इस्तेमाल किया गया था, जिसमें मशीन लर्निंग प्रोसेस करने की सुविधा स्थानीय तौर पर उपलब्ध थी. अब हम भारत के अपने ग्राहकों को Gemini के सबसे नए और ऐडवांस मॉडल की शुरुआती टेस्टिंग की सुविधा उपलब्ध कराने जा रहे हैं. साथ ही, हम भारत में ऐसे बेहतरीन Gemini मॉडल लॉन्च करने के लिए भी तैयार हैं जिनमें डेटा रेसीडेंसी की सुविधा मिलेगी. Google Cloud ने पहली बार इस तरह की सुविधा लॉन्च की है. यह सीधे तौर पर भारत के अपने ग्राहकों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए उठाया गया कदम है.
- **स्थानीय स्तर पर एआई की ज़्यादा सुविधाएं उपलब्ध कराना**: हम भारत में डेटा रेज़िडेंसी की सुविधा के साथ, कई नई सुविधाएं ला रहे हैं. इसके तहत, हम इस्तेमाल के लिए कई अतिरिक्त मॉडल और पहले से मौजूद एआई की सुविधा वाले ऐप्लिकेशन उपलब्ध करा रहे हैं. ये ऐप्लिकेशन, स्थानीय ज़रूरतों को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं. आइए, इन सुविधाओं पर एक नज़र डालते हैं:
  - **Gemini 2.5 Flash के लिए बैच सपोर्ट**: अब यह सुविधा सभी के लिए उपलब्ध है और इससे संगठन, एआई से जुड़े ऐसे टास्क कम लागत में पूरे कर सकते हैं जिनमें ज़्यादा डेटा की ज़रूरत होती है और जिन्हें रीयल-टाइम में पूरा करने की ज़रूरत नहीं होती. इस सुविधा के तहत, यह सारा काम भारत में किया जा सकता है.
  - **Document AI**: फ़िलहाल इस सुविधा की झलक उपलब्ध कराई गई है. इसमें हम भारत के कारोबारों को दस्तावेज़ों की प्रोसेसिंग को ऑटोमेट करने में मदद करने के लिए, स्थानीय सहायता उपलब्ध करा रहे हैं.
- **एआई में ज़्यादा लोकल कॉन्टेक्स्ट की सुविधा**: Grounding on Google Maps, नई सुविधा है जिसमें मॉडल Google Maps से रीयल टाइम में डेटा लेकर जवाब देगा. इससे यह पक्का किया जा सकेगा कि एआई ऐप्लिकेशन, जगह की जानकारी के साथ सही जवाब दे सकें.

## भारत का अपना एआई नेटवर्क: भारत के लिए, भारत के साथ

लंबे समय तक डिजिटल स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए, सबसे ज़रूरी और अहम चीज़ है उसमें "इंसानी पहलू" को बढ़ावा देना. इसका मतलब है कि कौशल वाले लोगों और इनोवेशन के लिए एक ऐसा माहौल तैयार करना जिसमें लोग अपनी प्रतिभा दिखा सकें. एआई के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए, स्थानीय स्तर पर एक मज़बूत नेटवर्क बनाना ज़रूरी है.

हमारी रणनीति, भारत के एआई इकोसिस्टम को बढ़ावा देने की है. इसके लिए, हम उन शोधकर्ताओं, डेवलपर, और स्टार्टअप में निवेश करेंगे जो भारत की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर काम करते हैं.

**आईआईटी मद्रास के साथ मिलकर काम**: Google Cloud और Google DeepMind, आईआईटी मद्रास के साथ मिलकर काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं. हम मिलकर Indic Arena को लॉन्च करने जा रहे हैं. इस प्लैटफ़ॉर्म को आईआईटी मद्रास के मशहूर AI4Bharat सेंटर से स्वतंत्र रूप से चलाया जाएगा. इस प्लैटफ़ॉर्म की मदद से, भारत के सभी उपयोगकर्ता अपनी पहचान ज़ाहिर किए बिना, अलग-अलग भाषाओं से जुड़े टास्क के आधार पर, एआई मॉडल का आकलन कर पाएंगे और रैंक दे पाएंगे. इस पहल को बढ़ावा देने के लिए हम क्लाउड क्रेडिट उपलब्ध करा रहे हैं. इससे, कम्यूनिटी की मदद से तैयार किए गए इस अहम संसाधन का बेहतरीन तरीके से रखरखाव किया जा सकेगा.

इस बारे में आईआईटी मद्रास के एसोसिएट प्रोफ़ेसर मितेश खापरा ने कहा, "AI4Bharat का मिशन, भारत की ज़रूरतों के हिसाब से एआई बनाना है. इसका एक अहम हिस्सा, एक ऐसा स्टैंडर्ड बेंचमार्क तैयार करना है जिससे हमें यह समझने में मदद मिलेगी कि हमारी अलग-अलग भाषाओं के लिए ये मॉडल कैसा परफ़ॉर्म कर रहे हैं." वे आगे कहते हैं, "Indic Arena, ऐसा ही प्लैटफ़ॉर्म होगा. हमें खुशी है कि Google Cloud, भारत की एआई कम्यूनिटी के लिए इस स्वतंत्र और सार्वजनिक प्रोजेक्ट को शुरू करने में, हमें शुरुआती कंप्यूटिंग क्षमता उपलब्ध करा रहा है."

हम भारत के सभी डेवलपर, शोधकर्ताओं, और संगठनों को Indic Arena प्लैटफ़ॉर्म का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं. साथ ही, हम चाहते हैं कि वे एआई के ऐसे बेहतर भविष्य के लिए अपना योगदान दें जिसमें बिना किसी भेदभाव के सभी शामिल हों.

हम स्टार्टअप से लेकर विश्वविद्यालयों, सरकारी संस्थाओं, और उद्योगों तक, भारत के पूरे नेटवर्क को Vertex AI में Gemini की नई और खास सुविधा का फ़ायदा लेने के लिए न्योता देते हैं. साथ ही, हम उन्हें भारत को आत्मनिर्भर बनाने वाले हमारे इन्फ्रास्ट्रक्चर का इस्तेमाल करने के लिए भी न्योता देते हैं. इससे अगली पीढ़ी का एआई बनेगा, जो भारत के लोगों का बनाया होगा और भारत के लोगों के लिए होगा.